>

Title: Need to release funds for electrification of villages under Rajiv Gandhi Gramin Vidyutikaran Yojana in Khargone Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री मकनसिंह सोलंकी (खरगौन): केन्द्र सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत की पहुंच सुलभ बनाने के लिए राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना चलाई जा रही है। मध्य प्रदेश के मेरे निर्वाचन क्षेत्र (बडवानी तथा खरगौन जिले) जोकि एक जनजातीय बहुल क्षेत्र है, उक्त जिलों में केन्द्र सरकार द्वारा बडवानी जिले के लिए 36 करोड़ 50 लाख 24 हजार की राशि स्वीकृत की है तथा खरगौन जिले के लिए 92 करोड़ 11 लाख 85 हजार रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। मंत्रालय द्वारा धनराशि की स्वीकृति एवं आबंटन के बाद भी अभी तक राशि निर्मुक्त नहीं करने से क्षेत्र में ग्रामीण विद्युतीकरण का कार्य बाधित हो रहा है।

धनराशि के अभाव में मेरे संसदीय क्षेत्र के ग्रामीण विद्युतीकरण के कार्य में आ रहे गतिरोध को देखते हुए स्वीकृत धनराशि को तत्काल निर्मुक्त किए जाने की आवश्यकता है।

आपसे अनुरोध है कि उक्त धनराशि निर्मुक्त किए जाने हेतु तुंत आवश्यक निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें तथा कृत कार्यवाही से मुझको भी अवगत कराने की कृपा करेंगे।